तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

बालोद भूमि

रायपुर, बुधवार 7 अक्टूबर 2026

बालोद | अर्जुंदा | गुंडरदेही | देवरी बंगला | डौंडीलोहारा | डौंडी | अंडा | गुरूर | दल्लीराजहरा | कलंगपुर | लाटाबोड़

10 सेवा मेरा योगदान के तहत स्टेडियम में 500...



12 सेवा संकल्पः जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षित ...



औद्योगिक सुरक्षा एवं फायरमैन अग्निशमन प्रशिक्षण के द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें : फायर सेफ्टी

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं



विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

पताः फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)

संपर्क करें: मो. 7697212782

Advt.

खबर संक्षेप

किसानों की 15 सूत्रीय मांगों को लेकर कल भारतीय किसान संघ का धरना-प्रदर्शन

गुरूर। भारतीय किसान संघ छग प्रदेश के आह्वान पर जिला बालोद द्वारा 8 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन किया गया है। भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष सांवत राम साहू ने बताया कि किसान संघ द्वारा छग शासन से कुछ मांगे हैं। जिनमें गौ वंदन योजना लागू किया जाए उसे प्रदेश में लागू किया जाए एवं जी राम जी योजना को गौ संरक्षण एवं संवर्धन से जोड़ जाए धान खरीदी की 2022.23 की किसानों कि रुकी हुई 1700 करोड़ की राशि किसानों को तत्काल दिया जाए, गन्ना फसल के मूल्य में 200 प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी की जाए एवं इसे कषक उन्नति योजना में जोड़ा जाए विद्युत विभाग के निजीकरण को रोका जाए भारतीय किसान संघ द्वारा प्रस्ताव पारित करने सहित लगभग 15 सूत्री मांगों को लेकर 8 अक्टूबर को विशाल धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन किया है। इसमें जिले भर के सैकड़ों किसानों कि उपस्थिति रहेंगे रैली गंगा मैया प्रांगण झलमला में इकठ्ठा होकर कलेक्ट्रेट में जाकर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधीश महोदय को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

चौरैल में 11 से 20 अक्टूबर तक नवरात्रि पर्व पर होंगे धार्मिक आयोजन

बालोद। ग्राम चौरैल स्थित गौरैया मंदिर प्रांगण में शारदीय क्वांर नवरात्रि पर्व के अवसर पर ज्योति कलश स्थापना एवं विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा आयोजन 11 से 20 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। मंदिर समिति के अध्यक्ष मोन्टी यादव ने बताया आयोजन 11 अक्टूबर, रविवार को ज्योति कलश एवं घट स्थापना दोपहर 11 बजे से, 15 अक्टूबर गुरुवार को पंचमी श्रृंगार पूजा शाम 5 बजे से तथा 19 अक्टूबर सोमवार को हवन पूर्णाहुति दोपहर 11 बजे से होगी 20 अक्टूबर मंगलवार को जवारा विसर्जन एवं शोभायात्रा निकाली जाएगी। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में शामिल होकर पर्व को भक्तिमय वातावरण में मनाने की अपील की गई है कार्यक्रम का आयोजन न्याय श्री गौरैया सिद्धिविनायक पीठ एवं समस्त ग्रामवासी चौरैल के सहयोग से किया जा रहा है।

पैनिकल माइट से धान की फसल हो सकती है बदरंग

दुर्ग। जिले में धान की खरीफ फसल लगभग तैयार होने को है। 1.25 लाख हेक्टेयर से ज्यादा रकबे में इस बार धान की फसल ली जा रही है। फसल के पैनिकल माइट के कारण बदरंग होने और उत्पादन प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। इसे देखते हुए कृषि विभाग ने किसानों के लिए एडवाइजरी जारी की है। धान की फसल में राईस पैनिकल माईट धान की मकड़ी से होने वाली क्षति के लक्षणों एवं इसके समुचित प्रबंधन की सलाह दी है। कृषि विज्ञान केन्द्र पाहंदा के विशेषज्ञों के अनुसार यह अत्यंत सूक्ष्म कीट स्टेनेओटारसोनेमस स्पिंकी स्माइली धान के गभोट बूटिंग अवस्था से लेकर बालियों में दूध भरने के दौरान फसल पर हमला करता है, जिससे दाने बदरंग कत्थई, लाल या काले एवं खाली बदरा रह जाते हैं तथा उत्पादन में 5 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक का भारी नुकसान हो सकता है। पत्तियों पर सफेद-भूरी धारियां बनना, बालियों में फफूंद व जीवाणु जनित संक्रमण से धब्बे पड़ना तथा चावल बनने की प्रक्रिया का रुकना इसके प्रमुख पहचान चिन्ह हैं।

मांग : त्वरित जांच, मजबूत साक्ष्य संकलन और दोष सिद्ध होने पर कठोर दंड की मांग

युवती पर एसिड हमले से आक्रोशित साहू समाज ने एसपी से की मुलाकात, कड़ी कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

तेजाब हमले से आक्रोशित साहू समाज ने एसपी से मिलकर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की। 22 वर्षीय युवती पर कथित तेजाब हमले की घटना को लेकर तहसील साहू संघ बालोद में आक्रोश है। घटना के संबंध में तहसील साहू संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चौहान से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

ज्ञापन में बताया गया कि 5 अक्टूबर को एक युवती पर तेजाब से हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हुई है और उसका उपचार जारी है। साहू समाज ने घटना को गंभीर बताते हुए पीड़िता को न्याय दिलाने, उसके इलाज एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था करने तथा मामले की निष्पक्ष और त्वरित जांच की मांग की।

पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चौहान ने आश्वस्त किया कि पीड़िता के इलाज में पुलिस प्रशासन द्वारा हरसंभव सहयोग किया जाएगा तथा उसके उपचार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। समाज के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन के इस आश्वासन का स्वागत किया। समाज के सदस्यों ने आरोपी के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। चर्चा के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मामले में कानून के तहत सख्त कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिए जाने की जानकारी समाज के पदाधिकारियों ने दी। समाज ने कहा कि दोष सिद्ध होने पर आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति पर प्रभावी रोक लग सके।

समाज ने कहा कि मामले में त्वरित जांच, मजबूत साक्ष्य संकलन और दोष सिद्ध होने पर कानून के अनुसार कठोर दंड दिलाया जाना आवश्यक है। साथ ही पुलिस प्रशासन से शीघ्र जांच पूरी कर न्यायालय में चालान प्रस्तुत करने तथा मामले में प्रभावी पैरवी की मांग की गई। ज्ञापन की प्रति थाना बालोद को भी सौंपे जाने की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर तहसील साहू समाज अध्यक्ष प्रेम साहू, नगर पालिका परिषद बालोद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, नगर साहू समाज अध्यक्ष डोमेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष चंद्रमुखी साहू, मोहन कलिहारी, गणेशराम साव, छवि सार्वा, प्रीतिबाला साहू, पवन साहू, तनसुख साहू, लेखन साहिरो, जयंत साहू, विनायक साहू, कमल साहू, रूपचंद साहू, दिलीप साहू, निरंजन साहू, छगन साहू, टिकेश्वर साहू सहित साहू समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



देर रात रायपुर अस्पताल पहुंचीं विधायक संगीता सिन्हा, एसिड अटैक से घायल छात्रा का जाना हाल



गुरूर। बिलासपुर–मुंगेली दौरे से वापसी के दौरान देर रात रायपुर अस्पताल विधायक पहुंचीं। बिलासपुर–मुंगेली दौरे से वापसी के दौरान विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष संगीता सिन्हा जी देर रात रायपुर अस्पताल पहुंचीं और बालोद में एसिड अटैक की दर्दनाक घटना में घायल छात्र से मुलाकात की। उन्होंने छात्रा के पास बैठकर उससे बातचीत की, उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसकी पीड़ा को करीब से समझने का प्रयास किया। इस कठिन परिस्थिति में छात्र का हौसला बढ़ाते हुए उसे भरोसा दिलाया कि वह अकेली नहीं है, इस मुश्किल समय में हम सभी उसके साथ हैं। संगीता सिन्हा जी ने छात्रा के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हुए उसके इलाज और हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। ईश्वर से प्रार्थना है कि छात्रा को जल्द स्वास्थ्य लाभ मिले और उसके जीवन में फिर से खुशियां लौटें।

शराब के लिए पैसे न देने पर की थी मारपीट, पूर्व जिला बदर आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही



पूर्व में जिला बदर किए गए आरोपी द्वारा पुनः मारपीट एवं जान से मारने की धमकी के बाद गुण्डरदेही पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया। शराब पीने के लिए पैसे मांगकर प्रार्थी से गाली–गलौज एवं मारपीट की।

पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी, मारपीट में प्रार्थी के दायें गाल एवं पीठ में चोट आई। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1), 223 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध, आरोपी के विरुद्ध सितम्बर पूर्व में जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है। 05 अक्टूबर को रजिस्ट्री कार्यालय गुण्डरदेही के सामने घटित मारपीट एवं धमकी की घटना में त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी युवराज तम्बोली को गिरफ्तार किया गया। 05 अक्टूबर को प्रार्थी गुण्डरदेही निवासी वेदप्रकाश सोनकर अपने साथी तामेश्वर कुमार सोनकर के साथ रजिस्ट्री संबंधी कार्य से रजिस्ट्री कार्यालय गुण्डरदेही गए थे। रजिस्ट्री का कार्य पूर्ण होने के पश्चात दोनों कार्यालय के सामने बातचीत कर रहे थे, इसी दौरान आरोपी युवराज तम्बोली निवासी गुण्डरदेही वहां आया और शराब पीने के लिए प्रार्थी से बार–बार पैसे की मांग करने लगा, प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर आरोपी ने इसी बात को लेकर प्रार्थी को अश्लील गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ–मुक्का से मारपीट की। मारपीट के कारण प्रार्थी के दायें गाल एवं पीठ में चोट आई, प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना गुण्डरदेही में अपराध क्रमांक 314/2026 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।विवेचना के दौरान पर्याप्त साक्ष्य एवं गवाहों के कथन प्राप्त होने पर आरोपी वार्ड क्रमांक 12, गुण्डरदेही, जिला बालोद निवासी युवराज तम्बोली पिता स्व. अशोक तम्बोली 38 वर्ष को 06 अक्टूबर को बजे गिरफ्तार किया गया। उल्लेखनीय है कि आरोपी युवराज तम्बोली के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तता के कारण माह सितम्बर में जिला बदर की कार्यवाही की जा चुकी है। इसके बावजूद आरोपी द्वारा पुनः आपराधिक गतिविधि में संलिप्त होकर मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने की घटना कारित की गई।

वर्तमान प्रकरण में थाना गुण्डरदेही पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध तत्काल वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 115(2), 351(3), 119(1), 223 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। आरोपी को न्यायालय के समक्ष न्यायिक रिमांड पर भेजी गई।

विभिन्न वार्डों में विकास कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रखी विकास कार्यों की नींव

शहर में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और वार्डों के विकास को गति देने की दिशा मे मंगलवार को नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी ने शहर के विभिन्न वार्डों में प्रस्तावित विकास कार्यों का विधिवत भूमि पूजन किया।

इन विकास कार्यों को लेकर संबंधित वार्डों में लंबे समय से मांग की जा रही थी। वार्डवासियों की आवश्यकताओं और। षदों की अनुशंसा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी की पहल पर इन कार्यों को स्वी—ति प्रदान की गई। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष चौधरी ने धरती माता की विधिवत पूजा–अर्चना करते हुए धूप–दीप प्रज्वलित किए और श्रीफल अर्पित कर विकास कार्यों की नींव रखी। इस दौरान संबंधित वार्डों के पार्षद, जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। वार्ड क्रमांक 14 में आरसीसी नाली निर्माण का कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। इसके साथ ही वार्ड क्र. 1 मे स्ट्रीट लाइट 200 पोल बुनियादी शाला से बाईपास बाघमरा रेलवे क्रासिंग तक, वार्ड क्र. 16 तथा वार्ड क्र. 4 स्थित बुधवार बाजार में हाईमास्ट लाइट लगाए जाने के कार्य का भी भूमि पूजन किया गया।

आरसीसी नाली निर्माण से वार्ड में जल निकासी की समस्या के समाधान में मदद मिलेगी, वहीं हाईमास्ट लाइट लगने से प्रमुख सार्वजनिक स्थानों एवं बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन प्रकाश व्यवस्था बेहतर होने की उम्मीद है। इससे नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। भूमि पूजन के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी ने संबंधित ठेकेदार एवं निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि विकास कार्यों में गुणवक्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। साथ ही सभी कार्यों को निर्धारित समय–सीमा से पहले पूर्ण करने का प्रयास किया जाए, ताकि वार्डवासियों को विकास कार्यों का लाभ जल्द से जल्द मिल सके। उन्होंने निर्माण कार्यों के दौरान गुणवक्ता, पारदर्शिता और निर्धारित मापदंडों का विशेष ▶▶| शेष पेज 10 पर

शिवसेना के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



- विजय पारख के नेतृत्व में बैठक के बाद लिया निर्णय, प्रदेश नेतृत्व पर उपेक्षा का लगाया आरोप

जिले के सक्रिय और वरिष्ठ शिवसैनिकों ने विजय पारख के नेतृत्व में एक बैठक आयोजित कर शिवसेना पार्टी संगठन की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। शिवसेना के सक्रिय कार्यकर्ताओं ने इस्तीफा देते हुए कहा कि पार्टी के प्रदेश नेतृत्व ने जिले में सफल नेतृत्व और सक्रिय संगठन को नजरअंदाज कर गैर छग और बाहरी व्यक्ति को पद नियुक्ति दी गई। जबकि जिले में वर्षों से कार्यरत शिवसैनिकों ने पार्टी की रीति नीति विचारधारा को संजोए रखा, संगठन को आगे बढ़ाने का काम किया है। पार्टी अपने दोहरे मापदंड से अपने ही संगठन में फूट डालने का काम कर रही है इससे प्रदेश मे शिवसेना का ग्राफ गिर रहा और यह स्पष्ट है कि पार्टी का छग प्रदेश की सत्ता में आना असंभव है। इस्तीफा देने वालों में पूर्व जिलाध्यक्ष विजय पारख, जयप्रकाश चंद्राकर, ललित रावत, बलराम साहू, हितेश पटेल, हेमंत शर्मा, तिलोक साहू, सचिन सोनी, अनिल लाडिया, हरीश साहू, इलेश यादव, रामनारायण देवांगन, ललिता देवांगन, तिलोका गंधर्व, दीपक मसीह, गजेन्द्र राणा, फुलेश्वरी साहू, गणेश सोनकर , प्रियंका साहू, लता, हुलसी निषाद, पूनम ठाकुर, राकेश कोरेटी, इंदु नेताम सहित सैंकड़ों महिला पुरुष कार्यकर्ता शामिल रहे। जयप्रकाश चंद्राकर बलराम साहू अनिल लेडिया ने प्रेस से कहा कि हम सभी सदस्य छग शिवसेना को छोड़कर आगे भी जनहित में संगठित रहकर कम करते रहेंगे।

स्वामी आत्मानंद जयंती पर सेजेस नया बाजार में 450 विद्यार्थियों ने लिखे भावपूर्ण पत्र

'धरती मां के नाम पत्र' अभियान ने जगाई पर्यावरण संरक्षण की अलख

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





स्वामी आत्मानंद जयंती के अवसर पर सेजेस नया बाजार राजहरा में डाक विभाग, दल्ली राजहरा के सहयोग से 'प्रकृति को बचाने हेतु धरती मां को पत्र' विषय पर विशेष पत्र लेखन अभियान आयोजित किया गया। अभियान में विद्यालय के लगभग 450 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए प्रकृति संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित एवं स्वच्छ धरती बचाने का संदेश अपने पत्रों के माध्यम से दिया।

रंग-बिरंगे पत्रों में छलकी धरती मां के प्रति संवेदनाः विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का परिचय देते हुए आकर्षक एवं रंग-बिरंगे लेटर पैड तैयार किए। इन पर उन्होंने धरती मां को संबोधित करते हुए भावपूर्ण पत्र लिखे। किसी ने पेड़-पौधों की रक्षा का संकल्प व्यक्त किया तो किसी ने जल संरक्षण, प्लास्टिक के कम उपयोग, स्वच्छता और प्राकृतिक संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग का संदेश दिया। विद्यालय परिसर में पत्र लेखन के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों ने अपनी कल्पनाशक्ति, भावनाओं और पर्यावरण के प्रति चिंता को शब्दों के माध्यम से कागज पर उतारा। उनके पत्रों में प्रकृति के प्रति प्रेम के साथ-साथ भविष्य की पीढ़ियों के लिए सुरक्षित पर्यावरण छोड़ने की चिंता भी स्पष्ट दिखाई दी।

पत्र लेखन बना पर्यावरणीय चेतना का माध्यमः कार्यक्रम का उद्देश्य केवल विद्यार्थियों से पत्र लिखवाना नहीं, बल्कि उनमें प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता, जिम्मेदारी और संरक्षण की भावना विकसित करना भी रहा। विद्यार्थियों ने अपने पत्रों के माध्यम से यह संदेश दिया कि धरती केवल प्राकृतिक संसाधनों का भंडार नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार है और इसकी रक्षा प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। पत्र लेखन पूर्ण होने के बाद विद्यार्थियों द्वारा तैयार पत्रों को मिडिल विंग प्रभारी सिन्हा के माध्यम से मुख्य डाकघर अधिकारी को सौंपा गया। रंग-बिरंगे और रचनात्मक पत्र कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रहे।

डाक विभाग ने 10 विद्यार्थियों को किया पुरस्कृतः विद्यार्थियों की रचनात्मकता और उत्साह को प्रोत्साहित करने के लिए डाक विभाग, दल्ली राजहरा द्वारा 10 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में विशेष उत्साह दिखाई दिया। साथी विद्यार्थियों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

डाक विभाग की सेवाओं और योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम के दौरान जयप्रकाश जायसवाल, पोस्ट मास्टर दल्लीराजहरा, दीपक पटेल, डाक सहायक दल्ली राजहरा तथा पुरोहित निषाद, पोस्ट मास्टर नरांटोला ने विद्यार्थियों एवं शाला परिवार को डाक विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी दी। विद्यार्थियों को डाकघर की कार्यप्रणाली, पत्र एवं पार्सल सेवाओं सहित विभाग की विभिन्न उपयोगी सेवाओं से अवगत कराया गया। डिजिटल दौर में भी डाक विभाग की उपयोगिता, सामाजिक भूमिका और नागरिकों तक पहुंचने वाली सेवाओं के बारे में विद्यार्थियों को महत्वपूर्ण जानकारी मिली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य गोरे ने कहा कि पत्र लेखन केवल विचारों को शब्दों में व्यक्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि इससे भाषा कौशल, रचनात्मक सोच, भावनात्मक अभिव्यक्ति और सामाजिक संवेदनशीलता का ▶▶| शेष पेज 10 पर

खबर संक्षेप



कालीबाड़ी में शारदीय नवरात्रि की तैयारियां तेज, 11 अक्टूबर को प्रज्वलित होंगे आस्था के ज्योत

दल्लीराजहरा। शहर के प्रमुख धार्मिक एवं आस्था के केंद्र राजहरा कालीबाड़ी में शारदीय नवरात्रि महापर्व 2026 को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। नवरात्रि के पावन अवसर पर कालीबाड़ी में ज्योत प्रज्वलन सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल है।

कालीबाड़ी समिति के पूजा सचिव मदन माइती ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष शारदीय नवरात्रि के अवसर पर 11 अक्टूबर 2026, रविवार को ज्योत प्रज्वलित किए जाएंगे। नवरात्रि में ज्योत प्रज्वलित कराने के इच्छुक श्रद्धालु निर्धारित समय तक अपना नाम एवं 1001 रुपये की सहयोग राशि समिति के सदस्यों के पास जमा करा सकते हैं। समिति के अनुसार, ज्योत प्रज्वलन के लिए नाम दर्ज कराने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर 2026, शनिवार को दोपहर 12 बजे तक निर्धारित की गई है। इच्छुक श्रद्धालु मदन माइती (सचिव), सजल राय (कोषाध्यक्ष), एस.सी. सरकार (भोग सचिव) एवं सनातन पती (पंडित) के पास संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

जीवन की परिस्थितियां हमेशा 'आउट ऑफ सिलेबस', जागरूक रहकर पुरुषार्थ करें : अक्षय मुनि

बालोद। समता भवन बालोद में चातुर्मास श्रृंखला के तहत शासन दीपक अक्षय मुनि जी मसा ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में आने वाली परिस्थितियां हमेशा आउट ऑफ सिलेबस होती हैं, इसलिए हर व्यक्ति को जागरूक रहकर पुरुषार्थ करना चाहिए। उन्होंने कहा कि महावीर स्वामी हमारे सांसों में बसे हैं, लेकिन व्यक्ति दुखों को भुलाने में इतना व्यस्त है कि भीतर का बोध जागृत नहीं कर पाता। उन्होंने कहा कि समाज में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति को अपनी सीमाओं और मर्यादाओं में रहना चाहिए। दूसरों की समस्याओं में उलझने के बजाय अपने जीवन को बेहतर बनाने पर ध्यान देना चाहिए। ध्यान और आध्यात्मिक साधना मन की अशांति को दूर करने में सहायक है। उन्होंने बच्चों के पालन-पोषण में प्राकृतिक वातावरण और संस्कारों के महत्व पर भी जोर दिया। अक्षय मुनिजी ने कहा कि जीवन में जो भी जिम्मेदारी मिले, उसे पूरी निष्ठा से निभाना चाहिए। कोई देखे या न देखे, परमात्मा सब देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में आए हैं तो अपना सर्वश्रेष्ठ करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। तपस्या का संकल्प जैन मुनि की प्रेरणा से धर्मसभा में ममता नाहटा ने 7 उपवास तथा यश बुरड़ और अनीता ढेलड़िया ने 6-6 उपवास की तपस्या का संकल्प ग्रहण किया।

अवैध कब्जे के खिलाफ बेदखली की कार्रवाई

भिलाई। नगर निगम भिलाई द्वारा वार्ड 23 घासीदास नगर में सामुदायिक भवन और कर्मा मंदिर के पास झोपड़ी बनाकर किए गए अवैध कब्जे पर बेदखली की कार्रवाई की गई। इस संबंध में निगम प्रशासन को शिकायत प्राप्त हुई थी।

आयोजन : भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ

सेवा मेरा योगदान के तहत स्टेडियम में 500 प्रतिभागियों ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वस्थ जीवनशैली और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु 'सेवा मेरा योगदान' के तहत आज





जिला मुख्यालय स्थित स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एक दिवसीय योग एवं ध्यान सत्र तथा खेल गतिविधियों का गरिमामयी आयोजन हुआ। सुबह के समय आयोजित इस प्रेरणादायी कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ भगवान श्री धन्वन्तरि के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पूजा-अर्चना कर किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों सहित विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक संतुलन साधने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान जीवन के लिए योग एवं प्राणायाम को अपने दैनिक जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं। स्टेडियम परिसर में आयोजित सत्र के दौरान कुशल योग प्रशिक्षकों द्वारा उपस्थित लगभग 500 प्रतिभागियों को विधिवत योगाभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों को ताड़ासन, कटिचक्रासन, नौकासंचलन आसन, अर्ध हलासन, शलभासन, भुजंगासन, सर्पासन, मर्कटासन, सेतुबंधासन और शवासन का अभ्यास कराया गया। इसके साथ ही प्राणायाम सत्र में अनुलोम-विलोम, भत्रिरका, कपालभाति तथा ध्यान (मेडिटेशन) कराया गया, जिससे प्रतिभागियों ने मानसिक शांति और नई ऊर्जा का अनुभव किया।

कलेक्टर के समक्ष इशिता और अवनि ने दिखाया बॉक्सिंग का हुनर



सेवा मेरा योगदान पहल के अंतर्गत मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष स्थानीय प्रतिभावान और होनहार बेटियों इशिता टंडन और अवनि श्रीवास के द्वारा एक बॉक्सिंग डेमोंस्ट्रेशन प्रस्तुत किया गया। इस प्रदर्शन के माध्यम से जिले की युवतियों ने न केवल अपने उत्कृष्ट खेल कौशल का परिचय दिया, बल्कि महिला सशक्तिकरण और आत्मरक्षा का सशक्त संदेश भी दिया। कार्यक्रम के दौरान युवा महिला मुक्केबाजों ने रिंग तकनीक, पंचिंग कॉम्बिनेशन और फुरसफुराते हुए तेज फुटवर्क का शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित सभी अधिकारियों व दर्शकों को प्रभावित किया। बेटियों के अनुशासन, ऊर्जा और तकनीकी दक्षता को देखकर कलेक्टर महोदया ने उनकी मुक्तकंठ से प्रशंसा की। कलेक्टर ने बेटियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल न केवल शारीरिक मजबूती देता है, बल्कि आत्मविश्वास और आत्मनिर्भरता का मार्ग भी प्रशस्त करता है। बालोद की बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी हैं और बॉक्सिंग जैसे खेल में उनका यह प्रदर्शन महिला सशक्तिकरण की जीवंत मिसाल है। प्रशासन द्वारा खेल प्रतिभाओं को हरसंभव मंच और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

प्रतियोगिता में दिखी टीम भावना, खेल प्रशिक्षकों के सम्मान, विजेता प्रतिभागी पुरस्कृत





'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत स्वस्थ जीवनशैली और जनभागीदारी को प्रोत्साहित करने हेतु 'सेवा मेरा योगदान' के तहत आज जिला मुख्यालय स्थित स्व. सरयू प्रसाद अग्रवाल स्टेडियम में एक दिवसीय योग एवं ध्यान सत्र तथा खेल गतिविधियों का गरिमामयी आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों सहित विभिन्न स्कूलों एवं महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ सहभागिता की।

कार्यक्रम में विभिन्न खेल गतिविधियों का रोमांचक आयोजन हुआ। इसमें युवा प्रतिभागियों ने बॉक्सिंग और ताइक्वांडो के मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा, फुर्ती और मार्शल आर्ट कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं उपस्थित महिला एवं पुरुष प्रतिभागियों के बीच आयोजित रस्सा-कस्सी प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें सभी ने टीम भावना और खेल कौशल का परिचय दिया। जिले में खेल प्रतिभाओं को तराशने और युवाओं को सकारात्मक दिशा देने के लिए कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समर्पित खेल प्रशिक्षकों को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित एवं विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को जीवन में कभी भी नशा न करने तथा दूसरों को भी नशामुक्त समाज निर्माण के लिए प्रेरित करने की सामूहिक शपथ दिलाई गई।

सेवा मेरा योगदान के तहत बॉक्सिंग प्रशिक्षक किशोर नाथ योगी सम्मानित



सेवा मेरा योगदान पहल के अन्तर्गत मंगलवार को कलेक्टर के समक्ष खेल एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बॉक्सिंग प्रशिक्षक एवं एक्स-आर्मी किशोर नाथ योगी को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि किशोर नाथ योगी विगत 5 वर्षों से शहीद वीर नारायण सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी का संचालन कर रहे हैं। इस एकेडमी के माध्यम से वे क्षेत्र के युवाओं को मुक्केबाजी के साथ-साथ क्रिकेट, बॉक्सिंग, कराटे, जूडो, कलारीपट्टू का निशुल्क एवं उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देकर खेल प्रतिभाओं को निखार रहे हैं। उनके कुशल मार्गदर्शन और कड़े अनुशासन का ही परिणाम है कि एकेडमी के खिलाड़ी लगातार विभिन्न राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में पदक जीतकर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। कलेक्टर ने किशोर नाथ योगी के निस्वार्थ समर्पण, खेल विकास और युवाओं को सही दिशा देने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि एक पूर्व सैनिक के रूप में देश सेवा के बाद अब खेल के जरिए नई पीढ़ी का भविष्य संवारना अत्यंत प्रेरणादायक है। खेल प्रतिभाओं को उभारने और युवाओं को नशामुक्त व अनुशासित जीवन से जोड़ने में दिए गए इस अहम योगदान के लिए कलेक्टर ने उन्हें पुरस्कार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ अधिकारी व खेल प्रेमी उपस्थित रहे।



बरबसपुर में सेवा सेतु शिविर में 161 आवेदनों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज:गुण्डरदेही

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित किए जा रहे सेवा सेतु अभियान के तहत 29 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर के लिए ग्राम पंचायत बरबसपुर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों से आवेदन एवं समस्याएं प्राप्त की गईं तथा प्राप्त आवेदनों का विभागवार निराकरण किया गया। शिविर में कुल 161 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका निराकरण किया गया।

शिविर में ग्रामीणों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। विभिन्न विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय योजनाओं से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराते हुए ग्रामीणों की समस्याओं एवं आवेदनों का निराकरण किया गया। विभागों द्वारा मंच पर आकर अपने-अपने विभाग से संबंधित निराकरण प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में पात्र हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, पट्टा, डिजिटल ऋण पुस्तिका, आय प्रमाण पत्र,जाती प्रमाण पत्र,निवासी प्रमाण पत्र,आवास पूर्णता प्रमाण पत्र तथा विभिन्न सामग्रियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी चंद्राकर, अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही पुरूषोत्तम चंद्राकर, जनपद पंचायत गुंडरदेही के उपाध्यक्ष नीतीश मोंटी यादव, पूर्व सदस्य जिला पंचायत पुष्पेंद्र चंद्राकर, भापति जनपद पंचायत गुण्डरदेही अश्वनी कठहरे, सदस्य जनपद पंचायत रामेश्वर चंद्राकर, सरपंच संघ अध्यक्ष लेखराम साहू एवं बरबसपुर सरपंच सहित 29 ग्राम पंचायत बरबसपुर, चरभाटा, कलंगपुर, खुंटेरी भट, पेंडरी, अचौद, बोदल, मुंदेरा, खलारी, रजौली, मोखा, परसदा मो, कजराबाधा, खपरी ब, सरेखा, दनिया, पसौद, मटिया ह, चिंचबोड, बेलौदी, हल्दी, सियनमरा, सतमरा, भुसरेंगा, माहुद बी, भटगांव कूथरेल, बोरगहन और डोंगीतराई के क्लस्टर में शामिल ग्रामों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधि नोहर साहू, महामंत्री आशीष साहू, डॉ रोहित साहू, एवं अन्य जनप्रतिनिधि की उपस्थिति रही। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पंचायत प्रतिनिधि एवं मैदानी अमला उपस्थित रहा। अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने की प्रक्रिया की गई।

सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाना, उनकी समस्याओं एवं आवेदनों का समाधान करना तथा जनभागीदारी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रें में सेवा एवं सुशासन को मजबूत करना है। अभियान के अंतर्गत आगामी अवधि में भी विभिन्न स्थानों पर 29 ग्राम पंचायतों के क्लस्टर में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे।

चारवाही पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने ग्रामीणों ने लिया सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम पंचायत चारवाही में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने के

- माता-पिता ने बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता देने और कम उम्र में विवाह नहीं करने की ली शपथ

उद्देश्य हेतु स्पर्श संस्था से विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम सभा में ग्रामीणों, माता-पिता, युवाओं एवं समुदाय के सदस्यों को बाल विवाह से होने वाले सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बताया गया कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का उल्लंघन है। कम उम्र में विवाह होने से बच्चों की शिक्षा प्रभावित होने के साथ उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़



सकता है। उपस्थित लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध कानून की जानकारी देते हुए इसकी रोकथाम में परिवार और समुदाय की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया। माता-पिता एवं अभिभावकों से अपील की गई कि वे बच्चों की पढ़ाई को प्राथमिकता दें और कम उम्र में उनका विवाह न करें। ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता,बिहान दीदी और समुदाय के सहयोग से बाल विवाह रोकने के लिए सामूहिक प्रयास करने पर भी चर्चा हुई। किसी भी बाल विवाह की जानकारी मिलने पर संबंधित विभाग या जिम्मेदार अधिकारी को तत्काल सूचना देने के लिए जागरूक किया गया।

ग्राम सभा के दौरान चारवाही को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाने का सामूहिक संकल्प लिया गया। उपस्थित लोगों ने शपथ लेते हुए बाल विवाह नहीं करने, अपने परिवार एवं आसपास बाल विवाह नहीं होने देने तथा समाज में इसके प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में प्रत्येक बच्चे को शिक्षा, सुरक्षा और बेहतर भविष्य का अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर सामूहिक प्रयास करने की अपील की गई। इस दौरान कृषि विस्तार अधिकारी डायमंड भट्ट, सचिव, सरपंच महोदया दीपमालिका साहू, स्पर्श संस्था कार्यकर्ता ताम्रध्वज साहू उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोदभराई, मिले स्वास्थ्य टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत वनांचल ग्राम चिलमगोटा के आंगनबाड़ी केंद्र में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोदभराई कर उन्हें पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल एवं पोषण आहार का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नन्हे-मुन्ने बच्चों को खीर-पूड़ी खिलाई गई। बच्चों ने उत्साह के साथ भोजन किया और कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना डौण्डी लोहारा से निर्मला चतुर्वेदी विशेष



रूप से उपस्थित रहीं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कनक बाई कृषाणे एवं सहायिका सतबाई इस्दा ने कार्यक्रम के आयोजन में सहयोग किया।इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीण भी उपस्थित रहे। इनमें सरपंच चिलमगोटा नरेंद्र मंडावी, अमिरदास कृषाणे, सेवादास मानिकपुरी, तुलेश साहू, मोतीदास भुआर्य, वीरेंद्र कचलाम, राधेश्याम भंडारी सहित अन्य ग्रामीण शामिल हुए।आयोजकों ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्रों से ग्रामीण समुदाय की सहभागिता को मजबूत करना है। कार्यक्रम के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष जोर दिया गया। जानकारी नेमन साहू, रेंगाडबरी द्वारा दी गई।

आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, शिक्षा और सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण केंद्र : तारणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम रजोली में आँगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर शामिल हुईं। कार्यक्रम में पूर्व सदस्य जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चंद्राकर, सरपंच त्रयोदश मुकेश, सचिव नरेंद्र पटेल, परियोजना अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एवं उपस्थित अतिथियों ने ग्रामीणों से संवाद किया। अतिथियों द्वारा बच्चों एवं उपस्थित लोगों को



फल, मिठाई एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। उपहार पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली। मुख्य अतिथि तारणी पुष्पेन्द्र चंद्राकर ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा एवं सवांर्गीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे आयोजन ग्रामीणों को आपस में जोड़ने के साथ ही बच्चों और परिवारों में उत्साह एवं सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। कार्यक्रम में ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। पूरे आयोजन के दौरान ग्राम रजोली में उत्साह और उमंग का माहौल रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पंचायत प्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

श्रीमद्भागवत में पूतना वध, बाल लीला और माखन चोरी के प्रसंगों का हुआ संगीतमय वर्णन

बालोद। ग्राम लोन्डी जिला बालोद में आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह के छठवें दिन मंगलवार को कथावाचक संत निरंजन महाराज ने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण के जन्म एवं बाल लीलाओं का संगीतमय वर्णन कराया। कथा में श्रीकृष्ण जन्म एवं जन्मोत्सव, पूतना वध, बाल लीला और माखन चोरी के प्रसंग सुनाए गए।

nbsp; कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का प्रसंग आते ही कथा स्थल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की झांकी ने भी श्रद्धालुओं का मन



मोह लिया। संत श्री निरंजन महाराज ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा के माध्यम से भगवान के अवतार के उद्देश्य का वर्णन किया। इसके बाद पूतना वध एवं श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए भगवान की दिव्य लीलाओं को विस्तार से बताया। माखन चोरी के प्रसंग ने कथा में भक्ति के साथ आनंद का माहौल बना दिया। संगीतमय भजनों और कथा के दौरान ग्राम लोन्डी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। पूरा कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। ग्राम लोन्डी के साहू परिवार द्वारा आयोजित यह श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ 9 अक्टूबर तक चलेगा। आगामी कथा में वृंदावन लीला, मथुरा गमन, कंस वध एवं श्री रुक्मणी मंगल कथा का वर्णन किया जाएगा।

पेज 9 का शेष

विभिन्न वार्डों में ...

ध्यान रखने के निर्देश भी दिए। लंबे समय से चली आ रही मांगों के पूरा होने पर संबंधित वार्डों के नागरिकों में उत्साह देखने को मिला। स्थानीय लोगों ने नगर पालिका अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इन विकास कार्यों से वार्ड की मूलभूत सुविधाओं में सुधार होगा और आम नागरिकों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में आशा पटेल, गोमती रात्रे, सुनीता मनहर, श्यामा यादव, कांति साहू, पुष्पा साहू, परी साहू, मंजू साहू एवं वार्डवासी उपस्थित थे।

डाक विभाग की ...

विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निरंतर प्रयास करने के लिए प्रेरित किया। **डाकघर की कार्यप्रणाली समझेंगे विद्यार्थी:** इस अवसर पर मुख्य डाकघर अधिकारी जयप्रकाश जायसवाल ने विद्यार्थियों के उत्साह की सराहना करते हुए उन्हें डाकघर सप्ताह के अवसर पर डाकघर भ्रमण कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को डाक विभाग की सेवाओं और दैनिक कार्यप्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिलेगा। **शाला परिवार ने डाक विभाग का जताया आभार:** कार्यक्रम के समापन अवसर पर साक्षी साहू ने डाक विभाग, दल्ली राजहरा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के रचनात्मक और ज्ञानवर्धक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यालय और डाक विभाग के बीच भविष्य में भी शैक्षणिक एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की। कार्यक्रम में मुख्य डाकघर अधिकारी जयप्रकाश जायसवाल, डाक विभाग के कर्मचारी, प्राचार्य गोरे , मिडिल विंग प्रभारी सिन्हा, साक्षी साहू सहित शाला परिवार के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



छेड़खानी करने वाले आरोपी के मकान पर चले बुलडोजर

भिलाई। पांच वर्षीय मासूम के साथ छेड़खानी करने वाला खुर्सीपार निवासी दिलावर यादव की गिरफ्तारी के बाद अब उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को लेकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें निष्पक्ष जांच, आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई और उसके घर पर बुलडोजर चलाने, बीच चौराहे पर सजा देने और पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की गई है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि घटना 2 अक्टूबर की है। मासूम को दर्द और ब्लीडिंग की शिकायत होने के बाद अस्पताल लेकर जाया गया। बच्ची ने परिजनों के मुताबिक अंकल ने उसे गलत तरीके से छुआ और उसे पकड़ लिया था। परिजनों की शिकायत के आधार पर खुर्सीपार पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया और 3 अक्टूबर को आरोपी दिलावर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

बंद रहेगा नेहरू नगर अंडर ब्रिज, मरम्मत शुरू



भिलाई। नेहरू नगर अंडर ब्रिज का आवश्यक मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जो 5 अक्टूबर से 10 नवम्बर तक 35 दिनों तक काम चलेगा। नेहरू नगर चौक से सेक्टर की दोनों मार्ग बारी बारी बंद रहेगा। ट्रैफिक पुलिस वाहन चालकों से अपील किया है कि मरम्मत कार्य के दौरान अनावश्यक परेशानी ट्रैफिक जाम से बचने के लिए निर्धारित वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। नेहरू नगर से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक ओवर ब्रिज मार्ग,सुपेला एवं राधिका नगर क्षेत्र से सेक्टर की ओर जाने वाले वाहन चालक सुपेला अंडर ब्रिज मार्ग का उपयोग कर अपने गंतव्य तक पहुंचें। इसके अलावा सेक्टर की ओर से नेहरू नगर चौक की दिशा में आने वाले वाहनों के लिए अंडर ब्रिज मार्ग पर केवल दो पहिया वाहनों को आवागमन की अनुमति होगी।

निधन

बिंझवारिन साहू

बालोद। नयापारा निवासी



बिंझवारिन साहू 92 वर्ष का निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार बुधवार को तांदुला नदी तट स्थित मुक्ति धाम में किया जाएगा। वे नरेंद्र, भूपेंद्र, जुगल किशोर, भुवनेश्वर साहू के माता जी थी।

विद्यार्थियों ने संयुक्त राष्ट्र संघ, मौलिक अधिकार, संसद भवन, चरखा सहित विभिन्न विषयों पर बनाए मॉडल

गांधी-शास्त्री जयंती पर महाविद्यालय गुरुर में कार्यक्रम, राजनीति विज्ञान परिषद का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





महात्मा गांधी तथा लाल बहादुर शास्त्रीजी के जयंती पर शासकीय महाविद्यालय गुरुर मे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद् का गठन कर एमए. की कक्षाओं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं में से ही अध्यक्ष धारणी साहू, उपाध्यक्ष रेणुका साहू एवं ऐश्वर्या साहू, सचिव ओमेश्वर सिन्हा, सह सचिव धीरज कुमार व साक्षी यादव को चुना गया। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञान की देवी माँ सरस्वती की वंदना एवं राजगीत के गायन से किया गया।

कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान डॉ. वायके. धुर्वे ने दिया, साथ ही कार्यक्रम की रूपरेखा पर जानकारी दी। शास्त्रीजी ने दुनिया को सादगी व ईमानदारी के साथ जीने की राह दिखाई इस प्रकार इन दोनो महापुरुषों ने अपने कार्यों से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा। प्रो. टीएस. साहू ने कहा में विज्ञान संकाय का शिक्षक हूँ फिर भी हर वर्ष राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने और हर बार कुछ नया सिखकर जाने की बात कहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. केएल. रावटे के द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण अनुशासन मे रहकर महाविद्यालय एवं छात्र–छात्राओं के हितों को ध्यान में रखकर करने की बात कही। एमए. राजनीति विज्ञान के छात्र–छात्राओं के द्वारा अलग–अलग थीम पर मॉडल बनाये गए इनमे मुख्य रूप से संयुक्त राष्ट्र संघ, मौलिक अधिकार, संसद भवन, ब्रिक्स, गाँधी जी का चरखा, मूल कर्तव्य, तीजन बाई, ममता चंद्राकर, सबा अंजुम, शमसाद बेगम तथा मतदान पेटी आदि पर अपने विचार भी व्यक्त किए गए। कार्यक्रम में मंच संचालन जन भागीदारी शिक्षक महेश्वर साहू तथा आभार प्रदर्शन डॉ. नाजमा बेगम के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रो. एल. हिरवानी, डीके. रात्रे, प्रो. अजय सरोज, इंद्राणी, पुर्णिमा, सीमा, प्रियंका, लालिमा, श्वेता, चंद्रकली, पुष्पांजली, डोमेश कुमार, विशाल, सोनिया, भगवती, अनुपा सहित सभी उपस्थित रहे। संपूर्ण कार्यक्रम डॉ. वायके. धुर्वे के मार्गदर्शन में संपन्न किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

देऊरतराई में दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी सम्मेलन का उत्साह के साथ समापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ग्राम देऊरतराई में आयोजित दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी सम्मेलन का सोमवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने शामिल होकर रामधुनी का आनंद लिया।

समापन अवसर पर संजारी–बालोद विधानसभा क्षेत्र के जनसेवक राकेश यादव, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र देशमुख, जुंगेरा मंडल महामंत्री शांतनु साहू, जुंगेरा मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष हेमराज साहू, सिवनी पंचायत के सरपंच बहुर सिंह नेताम, उपसरपंच टोमन धाकड़ एवं कमलेश निषाद सहित अन्य अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए।

अतिथियों ने रामधुनी सम्मेलन में पहुंचकर आयोजन का उत्साह बढ़ाया तथा ग्रामीणों से मुलाकात कर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों के महत्व पर चर्चा की। इस दौरान ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया।इस अवसर पर राकेश यादव ने कहा कि रामधुनी केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में आपसी भाईचारा, सद्भाव और एकता का संदेश देने का माध्यम भी है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को अपनी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है।ग्रामवासियों ने कहा कि दो दिवसीय संगीतमय रामधुनी सम्मेलन के माध्यम से गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा।

रामधुनी मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों एवं धार्मिक गीतों से पूरा गांव राममय नजर आया। आयोजन में ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता रही और सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। आयोजन के सफल समापन पर ग्रामवासियों एवं आयोजन समिति ने कार्यक्रम में पहुंचकर आयोजन की गरिमा बढ़ाने वाले सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

जोरातराई में 75वें राम नाम रूपी सुरसरि का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर




- रामधुनी मंडलियां देंगी धार्मिक प्रस्तुतियां

भगवान श्रीरामचन्द्र जी, पितृ पूर्वजों एवं ग्राम्य देवताओं की स्मृति में ग्राम जोरातराई में 75वें राम नाम रूपी सुरसरि का आयोजन किया जा रहा है। हीरक जयंती के अवसर पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में विभिन्न गांवों की रामधुनी मंडलियों द्वारा दिन–रात भजन, रामधुनी, झांकी, लोकनृत्य एवं धार्मिक प्रसंगों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

समिति के मुकेश केुमार सेन ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत 6 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से जय मां शीतला जस झांकी एवं रामधुनी मंडली, बुल्लूटोला द्वारा भरमासुर वध प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 7 अक्टूबर को पूर्वाह 11 बजे से अपराह 2 बजे तक जय मां शीतला रामधुनी मंडली, ग्राम जोरातराई (आर) द्वारा शिव विवाह प्रसंग होगा। दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक श्रद्धा महिला रामधुनी परिवार पेरपार गुरूर द्वारा शिकारी पुत्र शंकर प्रसंग तथा रात्रि 8 बजे से जय मड़िया बाबा रामधुनी मंडली द्वारा महिषासुर वध प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 8 अक्टूबर को श्री विनायक गुरुकृपा रामधुनी, भिरई हटकेश्वर द्वारा सती अनुसूइया प्रसंग, जय अम्बे मानस एवं रामधुनी मंडली कजराबांधा द्वारा राम वनवास एवं केवट प्रसंग तथा रात्रि में जय बजरंग रामधुनी मंडली लासाटोला द्वारा बाली उद्धार प्रसंग प्रस्तुत किया जाएगा। 9 अक्टूबर को लोक नृत्य रामधुनी परिवार तुमड़ीकसा द्वारा राजा भोज–राजा प्रसंग सहित विभिन्न धार्मिक एवं सांस—तिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में ग्रामीण क्षेत्रें की रामधुनी मंडलियों की सहभागिता से धार्मिक आस्था के साथ–साथ लोक संस्कृति और परंपराओं का भी संरक्षण होगा।

आयोजन समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धार्मिक आयोजन का लाभ लेने तथा कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह साहू, उपाध्यक्ष डॉ. नारायण लाल साहू, सचिव हरिश्चंद्र अंगारे, सहसचिव राम यादव, कोषाध्यक्ष डिलेश्वर सोनेश्वरी, संयोजक मोतीलाल अंगारे एवं डिलेश कुमार साहू, संदेशवाहक मुकेश कुमार साहू एवं योगेन्द्र कुमार साहू तथा ग्रामीणो का सहयोग रहेगा।

नशे से दूर रहकर स्वस्थ एवं सशक्त समाज के निर्माण का विद्यार्थियों ने लिया संकल्प



डौंडीलोहारा। शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करने के साथ-साथ उसके परिवार और पूरे समाज पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। नशे की लत से व्यक्ति की शारीरिक एवं मानसिक क्षमता प्रभावित होती है और परिवार की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति पर भी इसका असर पड़ता है। ऐसे में युवाओं को नशे से दूर रहकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में आगे आना चाहिए। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि युवा शक्ति देश और समाज की सबसे बड़ी ताकत है। यदि युवा नशे से दूर रहकर अपनी ऊर्जा को शिक्षा, खेल, रचनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में लगाएंगे, तो स्वस्थ, जागरूक और सशक्त समाज का निर्माण संभव है। इस दौरान विद्यार्थियों को सकारात्मक सोच अपनाने तथा रचनात्मक गतिविधियों से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डॉ. नंदकिशोर सिन्हा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, कुलेश्वर पटेल, देवानंद वर्मा, टेकराम नेताम सहित सभी प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

मुमुक्षु गरिमा संचेती का श्री संघ ने किया बहुमान एवं अभिनंदन

श्री संघ ने त्याग, तपस्या और संयम के संकल्प की अनुमोदना कर दीक्षा मार्ग की मंगल कामना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा





स्थानीय श्री ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में जैन श्री संघ डौंडीलोहारा द्वारा मुमुक्षु बहिन सुश्री गरिमा संचेती के नगर आगमन पर भावभीना बहुमान एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। गरिमा संचेती, वारासिवनी निवासी विनीत जी एवं शुभ्रा जी संचेती की सुपुत्री हैं।

उनके संयम एवं दीक्षा के पावन संकल्प को लेकर श्री संघ में उत्साह एवं आध्यात्मिक वातावरण रहा। मुमुक्षु बहिन गरिमा संचेती की आगामी 14 दिसंबर 2026 को वारासिवनी की पुण्य धरा पर संयम दीक्षा (प्रव्रज्या दीक्षा) संपन्न होना निश्चित हुआ है। यह दीक्षा खरतरगच्छाचार्य युगनायक शिरोमणि प.पू. श्री जिनपीयूष सागरसूरीश्वरजी म.सा., युगप्रभावक खरतरगच्छाचार्य प.पू. श्री सम्यकरत्नसूरीश्वरजी म.सा. आदि ठाणा तथा महतरा पद विभूषिता प.पू. मनोहरश्रीजी की सुशिष्या प्रशांतमना प.पू. प्रियंकराश्रीजी म.सा. आदि ठाणा की शुभ निश्रा में संपन्न होगी। संध्या आरती के पश्चात आयोजित बहुमान समारोह में श्री संघ के वरिष्ठजनों एवं पदाधिकारियों ने मुमुक्षु गरिमा संचेती के त्याग, तपस्या एवं संयम के संकल्प का अनुमोदन करते हुए उनका आत्मीय अभिनंदन किया। वक्ताओं ने कहा कि सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम के मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प अत्यंत प्रेरणादायी है। मुमुक्षु गरिमा जी का यह निर्णय समाज के लिए भी आध्यात्मिक प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर वरिष्ठ श्रावक हस्तीमल साखला, मिश्रीलाल चोपड़ा, गुमान लोढ़ा, संघ अध्यक्ष राकेश साखला, मंत्री नरेन्द्र लुंकड, गौशाला समिति अध्यक्ष संदीप लोढ़ा, दिलीप बाफना, दिलीप भंसाली सहित महिला मंडल, युवा संघ, बालिका मंडल के सदस्य एवं गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मुमुक्षु गरिमा जी के भावी संयमी जीवन की मंगल कामना करते हुए उनके दीक्षा मार्ग की अनुमोदना की।

विक्रम सिंह को दी गई विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

छत्तीसगढ़ विद्युत वितरण कंपनी अण्डा में पदस्थ विक्रम सिंह निर्मलकर का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भावभीनी विदाई दी।

समारोह में कार्यपालन यंत्री दुर्ग ग्रामीण छगन शर्मा के करकमलों से विक्रन सिंह निर्मलकर को कार्यमुक्त प्रमाण पत्र भेंट किया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने उनके कार्यकाल और सेवाओं को याद करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सहायक यंत्री अविनाश दुबे, श्रीकांत बकगयई, कनिष्ठ यंत्री गोपाल वर्मा, मौलेश साहू सहित विद्युत विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर धनेश चन्द्राकर, लोकेश्वर बागडे, लोकनाथ, नरेन्द्र साहू, टिकेश्वर यादव, शिव यादव, अरुण साहू, संदीप मंडावी, यशवंत साहू, तुलसी साहू, तामलाल देशमुख, गिरधर, सूरज मधु साधू, अज्जू दिल्लीवार, रानू चन्द्राकर, गजेन्द्र मेश्राम, निरंजन वर्मा, भागवत देवांगन, निलकंठ निर्मलकर, सूगर्देव, सावन साहू, राजेन्द्र ताम्रकार, रामकुमार साहू, जनक सिन्हा, टिकेश्वर, डिगेन्द्र, उमेश एवं अजय चौहान सहित कर्मचारीगण मौजूद रहे। समारोह में सहकर्मियों ने विक्रन सिंह निर्मलकर के साथ बिताए कार्यकाल की यादें साझा कीं और उनके उज्ज्वल भविष्य एवं सुखद जीवन की कामना की।

गायत्री शक्ति पीठ में 11 से 19 अक्टूबर तक गूंजेगा गायत्री मंत्र, नवरात्रि पर होगा यज्ञ-हवन और संस्कार महोत्सव

निःशुल्क होंगे विभिन्न संस्कार, पहले कराना होगा पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

गायत्री शक्ति पीठ, दल्लीराजहरा में क्वांर (अश्विन) नवरात्रि पर्व एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। गायत्री परिवार ट्रस्ट

- मनुष्य में देवत्व के उदय और धरती पर स्वर्ग के अवतरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

के तत्वावधान में आयोजित इस नौ दिवसीय आध्यात्मिक आयोजन को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पर्व के दौरान यज्ञ-हवन, गायत्री मंत्र जाप, संस्कार कार्यक्रम, गोष्ठी, परिचर्चा एवं महाप्रसादी सहित विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम होंगे। आयोजकों के अनुसार यह आयोजन वेदमूर्ति तपोनिष्ठ युग ऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य, माता भगवती देवी शर्मा एवं वेदमाता गायत्री की सूक्ष्म संरक्षण भावना के साथ किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य "मनुष्य अपने भाग्य का निर्माता स्वयं है", मनुष्य में देवत्व का उदय तथा धरती पर स्वर्ग के अवतरण की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाना है।

11 अक्टूबर को होगा देव आव्हान और अखंड दीप प्रज्वलनः नवरात्रि पर्व का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार को होगा। सुबह 5 बजे देव आव्हान एवं अखंड दीप प्रज्वलन किया जाएगा। इसके बाद सुबह 6.30 बजे से 8 बजे तक यज्ञ-हवन का आयोजन होगा। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक गायत्री मंत्र जाप किया जाएगा। इस दौरान श्रद्धालु यज्ञ में आहुति प्रदान कर आध्यात्मिक अनुष्ठान में सहभागी बन सकेंगे।



यज्ञ में भारतीय वेशभूषा में शामिल होने की अपील

आयोजकों ने बताया कि यज्ञ में सम्मिलित होने वाले पुरुषों के लिए भारतीय वेशभूषा धोती-कुर्ता में आना अनिवार्य रहेगा। वहीं सार्वजनिक ज्योति के लिए 351 रुपये की भागीदारी निर्धारित की गई है। गायत्री परिवार ट्रस्ट, गायत्री शक्ति पीठ दल्लीराजहरा ने नगर एवं आसपास के क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में आयोजन में शामिल होने, यज्ञ में आहुति प्रदान करने तथा संस्कार महोत्सव का लाभ उठाने की अपील की है। आयोजकों ने कहा कि उत्कृष्ट चिंतन और आदर्श कर्तव्य की नीति ही अध्यात्म की सच्ची साधना है।

19 अक्टूबर को पूर्णाहुति के साथ होगा महोत्सव का समापन

नवरात्रि पर्व का समापन 19 अक्टूबर सोमवार को होगा। सुबह 8 बजे से दोपहर 12 बजे तक हवन-यज्ञ एवं पूर्णाहुति का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक गोष्ठी, परिचर्चा एवं उद्बोधन होगा। दोपहर 1 बजे से 3 बजे तक कन्याभोज एवं महाप्रसादी का आयोजन किया जाएगा। आयोजन की विशेषता यह है कि संस्कार महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न संस्कार निःशुल्क कराए जाएंगे। इनमें पुंसवन, नामकरण, अन्नप्राशन, मुंडन, विद्यारंभ, दीक्षा, जन्मोत्सव एवं विवाह दिवस सहित अन्य संस्कार शामिल हैं। संस्कार कराने के इच्छुक परिवारों से पहले से पंजीयन कराने की अपील की गई है।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

खबर संक्षेप



शाला झोफरा में न्योता भोज कराया

गुण्डरदेही। शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में पूर्व सरपंच एवं पूर्व अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति झोफरा गिरधारी पटेल के द्वारा अपने पिता तुलाराम पटेल की स्मृति में 18 बच्चों को न्योता भोज का आयोजन किया गया।

नवरात्रि की तैयारी तेज कुथरेल में बन रही आकर्षक प्रतिमाएं



अंडा। शारदीय नवरात्रि पर्व के नजदीक आते ही जिले भर में तैयारियां तेज हो गई हैं। जिले के ग्राम कुथरेल में प्रसिद्ध मूर्तिकार युवा कलाकार उमेश कुमार द्वारा मां दुर्गा की सुंदर और आकर्षक प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। मां काली आर्ट्स के संचालक उमेश कुमार पिछले लगभग 15 वर्षों से माता रानी की प्रतिमाएं बना रहे हैं। उनकी बनाई हुई प्रतिमाओं की मांग केवल दुर्ग जिले में ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ महाराष्ट्र में भी है। उमेश कुमार की इस कला से न केवल उनके परिवार का पालन-पोषण होता है, बल्कि ग्राम के कई युवाओं को रोजगार भी मिल रहा है और युवा उनसे मूर्ति बनाने की कला भी सीख रहे हैं। प्रतिभा की कोई कमी नहीं, लगन और मेहनत से उन्होंने इस कला को अपने जीवन का आधार बनाया है। वर्तमान में उनके द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, जो बेहद सुंदर और मनमोहक दिखाई दे रही हैं।

अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

भिलाई। अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अमलेश्वर पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम झीट में अवैध रूप से शराब बेचने की खबर मिली। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दिया। जहां से बसंत कुमार सिन्हा को पकड़ा गया जो झीट गांव का रहने वाला है। उसके पास से 30 पौवा देशी शराब कुल 5.400 बल्क लीटर, तीन हजार रुपए का बरमाद किया है। आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन बिक्री की जानकारी तुरंत पुलिस थाना को दी गई।

नशीली दवाओं के साथ दो युवक गिरफ्तार

भिलाई। नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना पदमनाभपुर पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर दुर्ग स्थित रवि शंकर स्टेडियम के सामने घेराबंदी कर दो युवकों को पकड़ा गया। ग्रे रंग की कार सीजी 07 एएम 6045 में नशीली टेबलेट रखकर बेचने की फिराक में दो युवक खड़े थे। पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने अपना नाम मुक्त नगर एमआई 635, पदमनाभपुर निवासी दीपांकर दास वैष्णव, कसारीडीह, गौरा-गौरी चौक मुकेश राजपुत बताया है। दोनों के पास से पुलिस ने 160 नग नशीली दवा अल्प्राजोलम टेबलेट, कार तीन मोबाइल, नगदी रकम 790 रुपये जब्त किया गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आयोजन : महिला-बाल सुरक्षा, साइबर अपराध, नशामुक्ति और यातायात नियमों को लेकर दी गई जानकारी

सेवा संकल्पः जागरूकता कार्यक्रम में सुरक्षित समाज का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज:गुण्डरदेही





थाना गुण्डरदेही परिसर व नगर क्षेत्र में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत एक विशाल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य समाज में सुरक्षा, नशा मुक्ति और कानून व्यवस्था के प्रति आम जनमानस को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, व्यापारियों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लेकर एक सुरक्षित व जागरूक समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

आयोजन के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उपस्थित लोगों को महिला एवं बाल सुरक्षा, साइबर अपराधों से बचाव के उपाय, नशा मुक्ति का महत्व, यातायात नियमों के अनिवार्य पालन तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने जैसी महत्वपूर्ण जानकारियों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व विधायक राजेंद्र राय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, समाजसेवी जसवंत सिन्हा, अश्वनी यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, एसडीएम टिकेंद्र साहू, सीएमओ कोमल ठाकुर, पार्षद शैल महोबिया, एल्डरमैन चेतन सोनकर, गोकुल निषाद सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके अलावा पार्षद संतोष नेताम, हेमंत सोनकर, फैज बख्श, सोहन सोनी, मनोज बिंझेकर, दर्शन जैन, दिनेश टावरी, सुरेश सोनी, सौरभ चोपड़ा, विनोद गोलछा तथा नगर के प्रमुख व्यापारीगण ने भी अपनी सक्रिय सहभागिता निभाई। अभियान को सफल बनाने में शहीद कौशल महाविद्यालय, वेद कंप्यूटर संस्थान तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुण्डरदेही के छात्र–छात्राओं ने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों ने मिलकर सुरक्षित, नशामुक्त और अनुशासित समाज गढ़ने का सामूहिक संकल्प लिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम



अण्डा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम ओडारसकरी में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं मितानिन दीदियों के सम्मान के साथ बच्चों, माताओं और ग्रामीणों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सुपरवाइजर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी दी गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं एवं आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में सरपंच अनिल सोनी द्वारा पट्टी वितरण एवं न्योता भोज कराया गया। इस अवसर पर सरपंच अनिल सोनी, उपसरपंच, पंचगण, सचिव, ऑपरेटर तथा बिहान समूह की महिलाओं ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन दीदियों का सम्मान किया। पंचों द्वारा बच्चों को खिलौने वितरित किए गए, जबकि बिहान समूह एवं ग्रामवासियों की ओर से बच्चों को पेंसिल और चार्ट प्रदान किए गए।

सेवा सेतु शिविर में गूंजा दूषित पेयजल आपूर्ति का मुद्दा



बालोद। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से आयोजित सेवा सेतु कार्यक्रम का शिविर उस समय गरमा गया, जब शहर में लगातार की जा रही दूषित पेयजल की आपूर्ति का मुद्दा जोर–शोर से उठाया गया। नगर के विभिन्न वार्डों में पिछले कुछ दिनों से नलों के माध्यम से मटमैला और गंदा पानी पहुंचने की शिकायतों को लेकर पार्षद दीपक लोढा शिविर में पहुंचे और नगर पालिका प्रशासन के समक्ष जनता की समस्या को प्रमुखता से रखा।

- पार्षद दीपक लोढा ने नगर पालिका प्रशासन को सौंपा ज्ञापन
- मटमैले पानी की आपूर्ति पर जताई चिंता, पाइपलाइन व लीकेज की जांच की मांग

पार्षद लोढा ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि शहरवासियों से नियमित रूप से जलकर वसूला जा रहा है, लेकिन इसके बावजूद कई इलाकों में लोगों को स्वच्छ पेयजल के बजाय मटमैला पानी मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहना नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि जनता अपने घरों में पीने के लिए स्वच्छ पानी की उम्मीद करती है, लेकिन यदि नलों से ही गंदा पानी पहुंचे तो आम नागरिक आखिर किससे शिकायत करे ? दूषित पानी की आपूर्ति को महज एक सामान्य अव्यवस्था मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, क्योंकि इसका सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

पार्षद ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन को तत्काल पेयजल व्यवस्था की जांच कराकर पानी की गुणवक्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। साथ ही जिन क्षेत्रें में गंदे पानी की शिकायत सामने आ रही है, वहां पाइपलाइन, लीकेज और जलस्रोतों की जांच कर स्थायी समाधान किया जाना चाहिए।

सेवा सेतु शिविर में 30 आवेदन मिले, 20 का मौके पर निराकरण





दल्लीराजहरा। सेवा संकल्प एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नगर पंचायत चिखलाकसा परिसर में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों ने एक ही स्थान पर नागरिकों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ उपलब्ध कराया। शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिक पहुंचे और विभिन्न सेवाओं के लिए आवेदन प्रस्तुत किए।

शिविर में कुल 10 विभागों की सहभागिता रही। विद्युत विभाग से 2, श्रम विभाग से 4 तथा नगर पंचायत चिखलाकसा से 24 आवेदन सहित कुल 30 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 20 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया, जबकि 10 आवेदन लंबित रहे। संबंधित विभागों द्वारा लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण किए जाने की जानकारी दी गई। सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को विभिन्न शासकीय सेवाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर के दौरान 10 जन्म प्रमाण पत्र, 3 आयुष्मान कार्ड, 3 अनापत्ति प्रमाण पत्र तथा 2 पीएम स्वनिधि पंजीयन किए गए। इसके अलावा 4 असंगठित कर्मकार नवीनीकरण पत्र भी हितग्राहियों को प्रदान किए गए।

आयुष विभाग की ओर से शिविर में विशेष स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराई गई। विभाग द्वारा 52 हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ ही आवश्यक औषधियों का वितरण किया गया। महिला एवं बाल विकास से संबंधित गतिविधियों के तहत 3 अन्नप्राशन एवं 2 गोद भराई कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। वहीं 3 हितग्राहियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया।

शिविर में नगर पंचायत अध्यक्ष कुंती देवांगन, उपाध्यक्ष राजू रावटे, मंडल अध्यक्ष कुसुमकसा योगेन्द्र सिन्हा (गाँधी), व्यापारी प्रकोष्ठ संयोजक अंकित टाटीया, महामंत्री मितेंद्र वैष्णव, उपाध्यक्ष गोपाल साहू, अल्पसंख्यक मोर्चा से मनप्रीत ब्रोका, पार्षद भिखी मसिया, ताराचंद पथोड़े, सत्या झा, बसंत जैन, बसंत कोरेटी सहित समस्त पार्षदगण उपस्थित रहे।

इसके साथ ही एल्डरमेन भरत भाई पटेल एवं बृजमणि यादव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद नाथ योगी, उप अभियंता खुलेश कुमार साहू, प्राचार्य पीके नायक, व्याख्याता जीआर सोरी सहित निकाय के अधिकारी-कर्मचारी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सेवा सेतु शिविर के माध्यम से एक ही परिसर में विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से नागरिकों को अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिली। मौके पर ही बड़ी संख्या में आवेदनों के निराकरण से आम नागरिकों को शासकीय सेवाओं का लाभ लेने में सुविधा मिली।

भाजपा मंडल मिर्रीटोला पुरूर की मासिक बैठक संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भारतीय जनता पार्टी मंडल मिर्रीटोला पुरूर की आत्मनिर्भर मासिक बैठक एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर मासिक बैठक सम्पन्न हुआ। जहां मंडल बैठक में विशेष रूप से वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष, मंडल प्रभारी कौशल साहू, मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पाण्डेय, पूर्व जिला उपाध्यक्ष त्रिलोकी राम साहू उपस्थित रहे।

इस बैठक में मंडल महामंत्री यदीप गोल्डी साहू, मंडल महामंत्री राकेश सिन्हा, उपाध्यक्ष महेत्तर नेताम, होमशंकर साहू, सविता साहू, रेणुका गजेन्द्र, संध्या साहू, जागेशवर साहू, आरती साहू, धन्नु लाल टंडन, यालेश साहू, अजेन्द्र साहू, अजय साहू, हेमन्त साहू, कमलदेव साहू, शैलेन्द्र सिंह सोरी, तोषण मरकाम, अशोक साहू, राजेन्द्र साहू, धर्मेन्द्र साहू, तुला राम साहू, पोखन साहू, भूवन साहू, मिथलेश कुमार साहू, देवानंद साहू, कुंज लाल साहू, घनश्याम साहू, रामचंद साहू, तेज राम साहू, लोकनाथ बागमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता बंधु शामिल हुए।

आंगनबाड़ी में दो गर्भवती माताओं की हुई गोद भराई

हरिभूमि न्यूज:दल्लीराजहरा



- आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में पोषण, शिक्षा और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर, जन्मदिन और स्मृति में हुआ न्योता भोज

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 2 पंडर दल्ली स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 51 और वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 54 के संयुक्त तत्वावधान में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पोषण, मातृ स्वास्थ्य, बाल विकास और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरूकता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम का नेतृत्व आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 54 की कार्यकर्ता मनीषा पटेल और केंद्र क्रमांक 51 की कार्यकर्ता वीणा सुरेंद्र ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान पोषण माह, न्योता भोज, गर्भवती माताओं की गोद भराई, खिलौना दान, रंगोली तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजन प्रतियोगिता सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम में दो गर्भवती माताओं की गोद भराई की रस्म पूरे विधि-विधान, हल्दी-कुमकुम और मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराई गई। इस दौरान उपस्थित महिलाओं ने गर्भवती माताओं को स्वस्थ प्रसव और आने वाले शिशु के उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व पर भी विशेष जोर दिया गया।

पार्षद पूनम सोमेश जायसवाल ने कहा-आंगनबाड़ी बच्चों के भविष्य की पहली पाठशालाः मुख्य अतिथि पार्षद पूनम सोमेश जायसवाल ने कहा कि आज का दिन उनके लिए दोहरी खुशी का है। एक ओर उनकी बेटी हर्षिता जायसवाल का जन्मदिन है और दूसरी ओर नन्हे-मुन्ने बच्चों एवं माताओं के बीच आकर खुशी हो रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार ने आंगनबाड़ी को केवल एक केंद्र तक सीमित नहीं रखा है, बल्कि इसे बच्चों के भविष्य की पहली पाठशाला के रूप में विकसित किया है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित आंगन मिलन कार्यक्रम सराहनीय पहल है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से माता-पिता को पोषण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने वार्ड के पालकों से अपील की कि 3 से 6 वर्ष के बच्चों को नियमित रूप से आंगनबाड़ी भेजें, क्योंकि यहीं बच्चे अनुशासन, आपसी प्रेम, मेलजोल और अच्छे संस्कार के साथ पौष्टिक आहार प्राप्त करते हैं। पूनम सोमेश जायसवाल ने कहा कि गर्भवती माताओं के लिए भी आंगनबाड़ी महत्वपूर्ण केंद्र है, जहां शासन की योजनाओं, टीकाकरण, आयरन की गोलियों, पोषण और बच्चों की देखभाल से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि छोटे बच्चों को संभालना आसान नहीं है, लेकिन कार्यकर्ता मातृत्व भाव से बच्चों की देखभाल कर रही हैं। अपनी बेटी हर्षिता जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर उन्होंने बच्चों और माताओं के लिए खीर, पूरी, दाल-चावल, सब्जी और सलाद का न्योता भोज कराया।

द्रौपदी साहू ने कहा—आंगनबाड़ी बच्चों का पहला स्कूल और पहला मंदिर विशेष अतिथि समाजसेवी द्रौपदी साहू ने कहा कि आंगनबाड़ी बच्चों का पहला स्कूल और पहला मंदिर है। यहीं बच्चा अक्षर ज्ञान की शुरुआत करता है!

श्रीराम की पूजा-अर्चना कर की सुख-समृद्धि की कामना

रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल हुए पूर्व विधायक भैयाराम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



संजारी बालोद विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम साल्हेभाट एवं तारि में रामधुनी प्रतियोगिता में मुख्यअतिथि के रूप में हुए। इस अवसर पर उन्होंने भगवान श्रीराम के छायाचित्र के समक्ष पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की तथा रामधुनी प्रतियोगिता का विधिवत शुभारभ किया। आयोजक समिति के द्वारा पूर्व विधायक का आत्मीय अभिनंदन स्वागत किया गया। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने कहा कि रामधुनी एवं धार्मिक आयोजन हमारी छत्तीसगढ़ी संस्कृति परंपरा और भाईचारे को मजबूत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। ऐसे आयोजन से नई पीढ़ी को हमारी सांस—तिक एवं धार्मिक विरासत से जुड़ने का अवसर मिलता है भगवान श्रीराम के आदर्श हमे सत्य,मर्यादा ,त्याग सेवा और सद्भावना के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते है,युवा पीढ़ी को धार्मिक कार्यक्रम में शामिल करने से पहले शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को शिक्षित करने की आवश्यकता है तभी देश में हो रहे है सही और गलत फैसले को पहचान सके युवा शिक्षित होगा तभी अपने हक और अधिकार की बात करेगा अपनी आवाज को शासन प्रशासन तक मजबूती से रखेगा अंत में पूर्व विधायक जी ने सफल आयोजन की बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से समाज में एकता भाईचारा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा मिलता है।

- धार्मिक आयोजनों से संस्कृति और भाईचारा मजबूत, युवाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करना जरूरी : पूर्व विधायक सिन्हा

इस अवसर पर प्रमुख रूप ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, ब्लॉक उपाध्यक्ष दुर्गूराम सिन्हा, आदिवासी कांग्रेस ब्लॉक उपाध्यक्ष रामेश्वर धुरव, वरिष्ठ कांग्रेस नेता चोवा राम साहू, सेक्टर अध्यक्ष आलोक पटेल, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी कुंभलाल देहारी, सरपंच रेशमा तिलेश्वर सिन्हा, निषाद, ओम सिन्हा सहित पंचगण एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।

